पंजाब केसरी 30/08/2025

# गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस

अम्बाला, 29 अगस्त (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक बृजेश कुमार थे। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को व्यायाम और खेल को एक साथ अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत फिटनैस प्रतिज्ञा से हुई, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने स्वस्थ जीवन के लिए संकल्प लिया। इसके पश्चात् हॉकी जादूगर मेजर ध्यानचंद पर आधारित एक प्रेरणादायी डॉक्यूमैंट्री वीडियो दिखाया गया, जिसे विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों ने बड़े ध्यान से देखा। इस अवसर पर सी.टी.ओ. डा. तृप्ति शर्मा के मार्गदर्शन में एन.सी.सी. की 27 कैडेट्स और ए.एन.ओ. डा. नैन के नेतृत्व में 10 कैडेट्स ने सक्रिय योगदान दिया।

कार्यक्रम में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ और शारीरिक शिक्षा विभाग समेत कुछ 121 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।



गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस पर फिटनैस प्रतिज्ञा लेते विद्यार्थी और शिक्षक। (चंद्रमोहन)